तापमान

अधिकतम 30 डिग्री

न्यूनतम 25 डिग्री

हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, मंगलवार 7 जुलाई 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



12 डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर भाजपा ने किया माल्यार्पण...





14 3000 से ज्यादा ई-रिक्शा, शहर की रफ्तार पर ब्रेक





2011 से संचालित

शंकराचार्य

स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई

B.c. NURSING & M.Sc. NURSING

प्रवेश के लिए संपर्क करें

मो.: 83193 47482 81030 45003

Website : ssscn.ac.in


# सूखे की हालत से उबरा धमतरी जिला : सामान्य से मात्र 8 फीसदी पीछे

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

दो दिन में 15 सेमी की झमाझम बारिश ने जिले को सूखे की स्थिति से उबार लिया है। तीन जुलाई तक 57 फीसदी कम बारिश से जूझ रहा धमतरी जिला सोमवार को औसत वर्षा को कवर करते हुए महज 8 प्रतिशत पीछे रह गया है। सभी सातों तहसील में सबसे अधिक बारिश मगरलोड तथा कम बारिश भखारा में दर्ज की गई है। इधर महानदी परियोजना के 4 बांधों में से तीन बांध में पानी की आवक शुरू हो गई है।

रविवार की सुबह 8 बजे से सोमवार की सुबह 8 बजे तक मगरलोड तहसील में बहुत भारी वर्षा दर्ज की गई है। 24 घंटे के भीतर यहां 121.7 मिमी बारिश हुई है। धमतरी तथा कुरूद तहसील में 84 मिमी, कुकरेल में 83 मिमी, बेलरगांव में 80 मिमी, नगरी में 50 मिमी तथा भखारा तहसील में सबसे कम 43 मिमी बारिश हुई है। जिले में 6 जुलाई तक 225 मिमी बारिश हो गई है। औसत वर्षा के अनुसार 6 जुलाई तक 245 मिमी वर्षा हो जानी थी लेकिन 20 मिमी कम बारिश के साथ औसत वर्षा से फीसदी पीछे है।

## दो दिन में 150 मिमी से अधिक बारिश



### भारी बारिश का बना हुआ है सिस्टम

मौसम विज्ञान विभाग ने 7 जुलाई को मध्य और उत्तरी छग में भारी से अतिभारी बारिश की संभावना बताई है। दक्षिण झारखंड और इससे सटे उत्तरी उड़ीसा के अंदरूनी इलाकों में बने अवदाब के कारण 7 जुलाई को मध्य और उत्तरी छत्तीसगढ़ के एक दो स्थानों पर भारी से अतिभारी बारिश की संभावना है। 8 जुलाई से पूरे प्रदेश में वर्षा की तीव्रता और गतिविधि में कमी आने की संभावना है।

### परियोजना के बांधों में पानी की आवक शुरू

सिंचाई विभाग से मिली जानकारी के अनुसार गंगरेल बांध के कैचमेंट एरिया से पानी की आवक होने लगी है। रविववार को 986 क्यूबिक फीट प्रति सेकंड पानी की आवक हो रही थी। वहीं सोमवार को 1928 क्यूसेक पानी की आवक दर्ज की गई है। माड़मसिल्ली बांध में 24 घंटे में 590 क्यूसेक तथा सोंढूर बांध में 82 क्यूसेक पानी की आवक का रिकार्ड दर्ज किया गया है। दुधावा बांध में पानी की आवक जीरो बताया गया है।

## खबर संक्षेप

### पायनियर फाउंडेशन का पौधारोपण आज

**धमतरी।** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के लिए पायनियर फाउंडेशन ऑफ हायर एजुकेशन द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम आज 9 बजे पुराना दाजी मराठी स्कूल मराठापारा धमतरी के प्रांगण में आयोजित किया गया है। संस्था के प्रबंधक ने बताया कि प्रकृति को बचाने और लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से यह कदम उठाया जा रहा है। इस अभियान को खास और संदेशात्मक बनाने के लिए सभी छात्र ग्रीन टी-शर्ट पहनकर शामिल होंगे।

### पेंशनरों की बैठक 8 को

**जीजामगांव।** पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील इकाई भखारा की बैठक ग्रीष्मकालीन अवकाश पश्चात 8 जुलाई बुधवार को 12 बजे से आयोजित की जायेगी जिसमें नये सदस्यों एवं जन्म दिवस वालों का सम्मान किया जाएगा। आयकर रिटर्न एवं एवं संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी दी जायेगी। सदस्यों से उपस्थिति की अपील अध्यक्ष भगवानीराम शांडिल्य एवं सचिव शत्रुहनलाल साहू ने की है।

### चैली से गिरकर राजमिस्त्री की मौत

**धमतरी।** मकान निर्माण कार्य में लगे राजमिस्त्री की चैली से गिरकर मौत हो गई। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार कुरूद थाना क्षेत्र के ग्राम भोथली निवासी राजेन्द्र ध्रुव पिता सियाराम उम्र 45 वर्ष राजमिस्त्री का काम करता था। शनिवार को राजेन्द्र मजदूरी पर ईंट जुड़ाई करने गांव के भूषणलाल ध्रुव के घर गया था। राजेन्द्र बांस की चैली पर खड़ा होकर ईंट की जुड़ाई कर कर रहा था। इसी दौरान राजेन्द्र अचानक अनियंत्रित होकर चैली से जमीन पर गिर गया जिसे संजीवनी 108 की मदद से तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर ने चेकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

### बीमार वृद्धा ने जहर खा कर की आत्महत्या

**धमतरी।** शारीरिक रूप से बीमार 80 वर्षीय वृद्धा ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार सनौद थाना क्षेत्र के ग्राम हसदा निवासी ढेलिया बाई साहू पति तुलसीराम उम्र 80 वर्ष बीते तीन-चार वर्ष से बीमार चल रही थी जिसका धमतरी, कुरूद व भखारा के अस्पताल में उपचार कराया जा रहा था। स्वास्थ्य में सुधार नहीं आने से वृद्धा परेशान रहती थी। बीते शुक्रवार को घर के सभी लोग खाना खाकर सो रहे थे। इसी दौरान रात्रि में वृद्धा उल्टी कर रही थी। पुत्र थानूराम के पूछने पर महिला ने जहरीली गोली का सेवन कर लेना बताया। वृद्धा को परिजन उपचार के लिए तत्काल कुरूद अस्पताल में ले गए जहां से रिफर करने पर वृद्धा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान शनिवार की रात्रि वृद्धा की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने रविवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

### अंकसूची में गड़बड़ी करने वाले 5-5 साल के लिए भेजे गए जेल

# शिक्षाकर्मी भर्ती फर्जीवाड़ा : 10 आरोपियों की सजा बरकरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

फर्जी दस्तावेजों के सहारे नौकरी पाने वाले 10 शिक्षाकर्मी जेल भेजे गए। निचली अदालत ने उन्हें पांच साल की सजा दी थी। अपर सत्र न्यायाधीश ने उनकी सजा बरकरार रखते हुए दोषी करार दिया है।

जनपद पंचायत मगरलोड में वर्ष 2007 में शिक्षाकर्मी भर्ती में जमकर फर्जीवाड़ा हुआ था। कई अपात्र लोगों को फर्जी प्रमाण-पत्रों के आधार पर नौकरी दी गई थी। इस मामले की शिकायत आरटीआई कार्यकर्ता कृष्णकुमार साहू ने की थी। पुलिस ने जांच के बाद मामला मुख्य मजिस्ट्रेट धमतरी न्यायाधीश मोना चौहान के न्यायालय में प्रस्तुत किया था। जहां 22 जुलाई 2020 को आरोपियों को धारा 420 के तहत पांच- पांच साल की सजा सुनाई गई थी। इस आदेश के विरूद्ध 10 आरोपियों ने अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश कुरुद राधेश्याम ध्रुव के न्यायालय में अपील की थी। न्यायाधीश श्री ध्रुव ने धारा 374 दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) के तहत अपील को अंशतः स्वीकार कर धारा 468 के तहत दोषसिद्धि को अपास्त कर दिया है। धारा 471 और 420 के तहत दोषसिद्धि और दंडादेश को यथावत रखा है। आदेश पारित होते ही सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। फैसले के दौरान न्यायालय ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति कूटरचित और बनावटी दस्तावेज रोजगार के लिए प्रस्तुत करना है तो उस पर कोई सहानुभूति नहीं दिखाई जा सकती है।





### बिना 12वीं पढ़े कर रहे थे नौकरी

सजा पाने वालों में दो लोग ऐसे हैं, जिन्होंने कक्षा 12 वीं की पढ़ाई ही नहीं की है। फर्जी अंकसूची बनाकर नौकरी पा ली और वेतन भी लेते रहे। इनमें से एक ग्राम चिंवरी धमतरी निवासी श्रीमती त्रिवेणी साहू हैं, जबकि दूसरा कुंडेल धमतरी निवासी जितेंद्र कुमार साहू हैं। त्रिवेणी ने 70.6 प्रतिशत से और जितेंद्र ने 58 प्रतिशत से 12वीं कक्षा पास होने की फर्जी अंकसूची प्रस्तुत की थी।

### फर्जी अंकसूची में नम्बर बढ़ाया

नारायण प्रसाद कश्यप ग्राम बेल्हा जिला जांजगीर निवासी ने 12 वीं में 44.8 प्रतिशत अंक पाया था। फर्जी दस्तावेज में उसने 73.1 प्रतिशत अंक प्रस्तुत किया। उसकी पहली नियुक्ति शासकीय प्राथमिक शाला करेली बड़ी में हुई थी। इसी प्रकार मेणुका कंवर ग्राम सारागांव गरियाबंद निवासी ने 12वीं की मार्कशीट में 54.4 प्रतिशत की जगह 69.6 प्रतिशत प्रस्तुत किया था। खेमनलाल साहू ने ग्राम पथर्री जिला गरियाबंद ने 43.2 प्रतिशत से कक्षा 12वीं पास किया था। फर्जी सर्टिफिकेट में उसने 79.6 प्रतिशत प्रस्तुत किया। लिमतरा धमतरी निवासी ललेश कुमार ने 54.8 प्रतिशत की जगह 70.4 प्रतिशत की फर्जी अंकसूची प्रस्तुत की थी। गबदी जिला दुर्ग निवासी सुरेश कुमार यादव ने 45.7 प्रतिशत की जगह 71.1 प्रतिशत, कोर्रा धमतरी निवासी दुर्गा साहू ने 52.8 प्रतिशत की जगह 64 प्रतिशत, छेड़िया जिला बालोद निवासी धर्मेंद्र कुमार साहू ने 56.6 प्रतिशत की जगह 78.6 प्रतिशत और ग्राम पसौद जिला बालोद निवासी पिलेश्वर साहू ने 56.8 प्रतिशत की जगह 67.1 प्रतिशत वाली फर्जी अंकसूची प्रस्तुत की थी।

# फिर एक युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

स्थानीय मकेश्वर वार्ड में सप्ताह भर में तीसरे युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।

पुलिस के अनुसार स्थानीय मकेश्वर वार्ड निवासी धनेश्वर सिंग ठाकुर पिता कुमार सिंग उम्र 34 वर्ष नल मरम्मत का काम करता था। युवक ने रविवार की देर रात्रि अपने घर में साड़ी का फंदा बना फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी होने पर परिजनों ने सिटी कोतवाली को घटना की जानकारी दी। पुलिस घटनास्थल पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल के मर्च्यूरी भेज दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। युवक द्वारा आत्महत्या करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

उल्लेखनीय है कि सप्ताह भर में मकेश्वर वार्ड के तीन युवकों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। यह तीसरी घटना है। आत्महत्या करने वालों में तीनों युवक हैं। बीते 20-30 जून की रात्रि एक युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या की थी। इस घटना के दूसरे दिन 30 जून को दूसरे युवक ने संबलपुर ओवरब्रिज के पास फांसी लगा ली थी। वहीं रविवार की देर रात्रि तीसरा युवक मकेश्वर वार्ड स्थित अपने घर में फंदे पर लटक गया। एक ही वार्ड में सप्ताह भर में एक के बाद तीन युवकों द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करना चिंता का विषय है।



मकेश्वर वार्ड में फांसी लगाने की तीसरी घटना

# पुरानी रंजिश को लेकर ग्रामीण पर हथौड़ी से प्राणघातक हमला, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

थाना मगरलोड एवं पुलिस चौकी करेली बड़ी के ग्राम हसदा नंबर-1 में पुरानी रंजिश को लेकर ग्रामीण पर हथौड़ी से प्राणघातक हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना 4 जुलाई 2026 की शाम लगभग 5:15 बजे की है। ग्राम हसदा नंबर-1 स्थित पोस्ट ऑफिस के सामने टिन शेड के नीचे रोड किनारे पीड़ित चंद्रहास साहू अन्य ग्रामीणों के साथ बैठा हुआ था। इसी दौरान आरोपी देवलाल निषाद वहां पहुंचा और पुरानी रंजिश को लेकर अश्लील गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए अपने पास रखी लोहे की हथौड़ी से हत्या की नीयत से लगातार प्राणघातक हमला किया। हमले के दौरान पीड़ित ने अपना बचाव करने का प्रयास किया। हथौड़ी के वार से दाहिने जबड़े एवं दाहिने हाथ की कोहनी पर चोट लगी। घायल को तत्काल उपचार हेतु अस्पताल पहुंचाया गया। बाद में बेहतर उपचार के लिए एम्स रायपुर रेफर किया गया, जहां उसका उपचार जारी है।

घटना की सूचना मिलते ही मगरलोड पुलिस ने तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की। सीन ऑफ क्राइम टीम की उपस्थिति में घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण कर रक्तरंजित कांक्रीट, नियंत्रण नमूना, खून से सना रूमाल सहित अन्य महत्वपूर्ण भौतिक साक्ष्य जब्त किए गए। आरोपी के मेमोरेंडम कथन के आधार पर उसके द्वारा छिपाकर रखी गई घटना में प्रयुक्त रक्तरंजित लोहे की हथौड़ी बरामद की गई। चिकित्सकीय परीक्षण एवं प्राप्त मेडिकल रिपोर्ट में पीड़ित को आई चोटों को गंभीर प्रकृति का तथा फ्रैक्चर होना प्रमाणित किया गया। उपलब्ध साक्ष्यों, गवाहों के कथनों एवं चिकित्सकीय रिपोर्ट के आधार पर चौकी करेली बड़ी थाना मगरलोड में धारा 296,109 (1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी देवलाल निषाद पिता स्व. सुकलाल निषाद उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम हसदा नंबर-1, पुलिस चौकी करेलीबड़ी थाना मगरलोड को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।



पुलिस चौकी करेली बड़ी के ग्राम हसदा नंबर-1 की घटना







अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई

ITI ▶ DAGANIA

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)

• C.O.P.A.* (Computer) 1 Year (10th Pass)

अग्रसेन एजुकेशन केम्पस,ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बलोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)

89595-93937 • 89595-44444

# बिहान की आईएफसी नर्सरी से सशक्त हो रहे किसान और महिला समूह

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत जनपद पंचायत धमतरी द्वारा संचालित आईएफसी परियोजना ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका संवर्धन का प्रभावी मॉडल बनकर उभर रही है। सद्भावना महिला संकुल स्तरीय संगठन दोनर के सहयोग से संचालित आजीविका सेवा केंद्र (नर्सरी इकाई) आज किसानों और महिला स्व-सहायता समूहों के लिए गुणवत्तापूर्ण पौधों का विश्वसनीय स्रोत बन चुकी है। इस पहल ने न केवल किसानों को समय पर स्वस्थ पौधे उपलब्ध कराए हैं, बल्कि वैज्ञानिक खेती, जैविक उत्पादन और महिला सशक्तिकरण को भी नई दिशा दी है।

## गुणवत्तापूर्ण पौधों से बढ़ रही आय और आत्मनिर्भरता

### क्लस्टर आधारित सब्जी उत्पादन को बढ़ावा

नर्सरी इकाई में टमाटर, मिर्च, बैंगन, फूलगोभी, करेला, मुनगा (सहजन), पपीता, कटहल, नारियल सहित विभिन्न सब्जी एवं फलदार पौधों की उन्नत पौध तैयार की जा रही है। इन पौधों का वितरण उत्पादक समूहों एवं क्लस्टरों के माध्यम से विभिन्न ग्रामों के किसानों तक किया जाता है। इससे क्लस्टर आधारित सब्जी उत्पादन को बढ़ावा मिला है और किसानों ने वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों को अपनाना शुरू किया है।



### स्थानीय स्तर पर रोजगार

इस पहल का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि नर्सरी का संचालन महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा किया जा रहा है। इससे महिलाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार, नियमित आय और उद्यमिता का अवसर प्राप्त हुआ है। समूह की महिलाएं पौध उत्पादन, देखरेख, विपणन और प्रबंधन जैसे कार्यों का सफलतापूर्वक संचालन कर आर्थिक आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रही हैं।

पहले किसानों को सब्जी एवं फलदार पौधों के लिए दूर-दराज के बाजारों पर निर्भर रहना पड़ता था। कई बार समय पर पौधे उपलब्ध नहीं होने या निम्न गुणवत्ता के कारण उत्पादन प्रभावित होता था। आईएफसी नर्सरी की स्थापना के बाद यह स्थिति बदली है। अब स्थानीय स्तर पर ही प्रमाणित एवं गुणवत्तापूर्ण पौधे तैयार कर किसानों तक समय पर पहुंचाए जा रहे हैं, जिससे खेती की लागत कम हुई है और उत्पादन की संभावनाएं बढ़ी हैं। यह उल्लेखनीय पहल कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, जिपं सीईओ गजेंद्र सिंह ठाकुर, जिला परियोजना प्रबंधक (आजीविका) अनुराग मिश्रा, जनपद पंचायत सीईओ सुश्री वर्षा रानी चिकन्जूरी तथा ब्लॉक परियोजना प्रबंधक प्रेमचंद सिन्हा के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संचालित की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### दिनेश समेत नपं मगरलोड में 3 एल्डरमैन नियुक्त



**मगरलोड।** भाजपा प्रदेश भाजपा संगठन ने नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत में एल्डरमैन नियुक्त किया है। इसी तारतम्य में नगर पंचायत मगरलोड में दिनेश अग्रवाल सहित 3 एल्डरमैन की नियुक्ति की गई है। मगरलोड महाव्यापारी संघ के पूर्व अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल एवं वकील राजेश साहू तथा भाजपा की महिला सक्रिय कार्यकर्ता शांति देवांगन को एल्डरमैन नियुक्त किया गया है। इनकी नियुक्ति पर कुरूद विधायक अजय चंद्राकर, भाजपा नेता भूपेंद्र चंद्राकर, जिला सभापति टीआर कंवर, नरेश सिन्हा, मंडल अध्यक्ष रोहित मोहन साहू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विजय यदु, मंडल महामंत्री मुरली सिन्हा, नंदिनी सिन्हा, शत्रुघ्न साहू, डीहूराम साहू, पार्षद यादराम गायकवाड़, अशोक साहू, दशोदा साहू, महाव्यापारी संघ अध्यक्ष विश्वजीत साहू, मिलन नेताम, लोकेश साहू, भानुप्रिया साहू, झनेश्वर साहू, नरेश अग्रवाल, लोमश सिन्हा, उगेश ध्रुव ने हर्ष जताया है।

### बीकाम भाग तीन में टामेश्वरी रही प्रथम

**जीजामगांव।** दाऊ कल्याण सिंह सोनवानी महाविद्यालय जीजामगांव में सत्र 2025-26 बीकाम भाग तीन का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। बीकाम भाग 3 में टामेश्वरी पिता केदारराम ने 70.28 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम, कोयल पिता अजबलदास 66.17 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय, ईश्वरी साहू पिता घनश्याम 60.39 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे। प्राचार्य डॉ. सीआर यदु, प्राध्यापक टाकेश्वर साहू, डेविड कुर्रे, पुष्पा दर्रो, दीप्ति आदिले, आरआर डिगरे, लीना बैस, तारिणी साहू, अनिल जांगड़े, पृथ्वीराज साहू, रितुराज साहू, ठकेश साहू, लोकनाथ बैस, रोमन साहू, कुलेश्वर पटेल, हुलास पटेल ने उत्तीर्ण सभी छात्रों के उज्ज्वल







## डॉ. मुखर्जी के विचारों पर चलने का लिया संकल्प

# डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर भाजपा ने किया माल्यार्पण, दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं प्रखर राष्ट्रवादी विचारक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती पर सोमवार को नगर के डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी बाजार चौक स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा की पूजा-अर्चना एवं माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का आयोजन नगर पालिका परिषद एवं भारतीय जनता पार्टी कुरूद मंडल के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा पदाधिकारियों ने डॉ. मुखर्जी के राष्ट्र निर्माण में योगदान को याद करते हुए उनके विचारों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान एक देश, एक प्रधान, एक निशान के प्रणेता डॉ. मुखर्जी के सम्मान में जयघोष भी लगाए गए।

मौके पर नपा अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर, प्रतिभा चंद्राकर, विधायक प्रतिनिधि भानू चन्द्राकर, त्रिलोकचंद, कृष्णकांत साहू, भोजराज चंद्राकर, मोहन अग्रवाल, पार्षद मिथिलेश बैस, सितेश सिन्हा, महेंद्र



गायकवाड़, कविता चंद्राकर, राजकुमारी ध्रुव, निशा वैष्णव, खिलेन्द्र, महावीर, योगेन्द्र सिन्हा, कमलेश चंद्राकर, कमल शर्मा, प्रवीण रेड्डी, राजू चंद्राकर, पिंटू चंद्राकर, भारत साहू, संजू चंद्राकर उपस्थित थे।

## धमतरी-भखारा-रायपुर मुख्य मार्ग सालभर में ही जर्जर

- वाहन का दबाव अधिक होने से सड़क धंस रही, वाहन चालक परेशान

**कोर्रा-भखारा।** रायपुर-भखारा-धमतरी मुख्य मार्ग का अभी अभी ही निर्माण हुआ है। एक वर्ष भी पूरा नहीं हुआ है और सड़क जगह-जगह जर्जर हो गई है जिसके कारण अनेक घटनाएं हो रही हैं। जानकारी के अनुसार करोड़ों की लागत एडीबी प्रोजेक्ट के तहत धमतरी भखारा से रायपुर तक सड़क का निर्माण किया गया था। आम जनता के लिए सड़क को खोलने के बाद वाहन का दबाव अधिक होने के कारण से सड़क जगह-जगह जर्जर हो गई है जिसके कारण अनेक दुर्घटनाएं घट रही हैं।

कुरमातराई और पीपरछड़ी डोमा गुजरा, कोसमर्रा के पास के पास सड़क एक किनारे से धंस गई है। कुछ जगहों पर सड़क जर्जर हो गई है जिसके कारण मोटरगाड़ी, बाइक ट्रक वाहन लड़खड़ा गिर रहे हैं जिनके कारण दुर्घटनाएं हो रही हैं। अक्सर दोपहिया वाहन उस धंसी सड़क के बीच में फंसने से दूसरे वाहन से टकरा रहे हैं। वाहन चालकों को गंभीर चोट लग रही है। क्षेत्र की जनता ने कलेक्टर से धमतरी- भखारा-रायपुर सड़क मार्ग को शीघ्र अतिशीघ्र दुरुस्त करने की मांग की है।

# दिव्यांग चित्रकार बसंत साहू को मिला छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित समाजसेवी एवं अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त चित्रकार बसंत साहू को रायपुर स्थित रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी परिसर में आयोजित गौरव सम्मान समारोह में छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें दिव्यांग एवं जरूरतमंद बच्चों के लिए लंबे समय से किए जा रहे सामाजिक कार्यों और कला के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया।

सद्गुरु रावतपुरा सरकार के प्राकट्य एवं स्थापना दिवस महोत्सव के अवसर पर आयोजित समारोह में प्रदेश की विभिन्न हस्तियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। बसंत साहू को सद्गुरु रावतपुरा सरकार ने अपने करकमलों से सम्मान प्रदान किया। बसंत फाउंडेशन कुरूद के संस्थापक बसंत साहू वर्षों से दिव्यांग और प्रतिभाशाली बच्चों को निःशुल्क चित्रकला प्रशिक्षण देने के साथ कला के माध्यम से आत्मनिर्भरता और रचनात्मकता को बढ़ावा देने का कार्य कर रहे हैं।

समारोह में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, कैबिनेट मंत्री खुशवंत सिंह, राज्यसभा सांसद सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होना था, लेकिन पद्म विभूषण से सम्मानित पांडवानी गायिका तीजन बाई के निधन के कारण घोषित राजकीय शोक के चलते वे समारोह में शामिल नहीं हो सके। सम्मान प्राप्त करने के बाद बसंत साहू ने इसे अपनी माता, गुरुओं, बसंत फाउंडेशन के सहयोगियों और उन बच्चों को समर्पित किया, जिनके बेहतर भविष्य के लिए वे लगातार कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उन्हें समाजसेवा के क्षेत्र में और अधिक समर्पण के साथ काम करने की प्रेरणा देता रहेगा।

# पांडरवाही में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

भारतीय जनता पार्टी बेलरगांव मंडल ग्राम के पांडरवाही में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती मनाई गई। वक्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के राष्ट्र निर्माण में योगदान एवं उनके प्रेरणादायी जीवन पर संक्षिप्त उद्बोधन प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में जनपद सभापति प्रेमलता नागवंशी, भाजपा बेलरगांव मंडल महामंत्री मोनू साहू, सरपंच पोड़ागांव सुषमा नाग, शाला प्रबंधन समिति हाईस्कूल घटुला के अध्यक्ष बीरेंद्र मिश्रा, बूथ अध्यक्ष मानिक पटेल, वरिष्ठ कार्यकर्ता गोवर्धन यादव, राधेलाल निषाद, कमलेश मरकाम, राधेलाल साहू, जैतराम, दुलचंद कुंजाम, दिलीप कुंजाम उपस्थित थे। भाजपाइयों ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शों पर चलने तथा राष्ट्र सेवा का संकल्प लिया।

# पचपेड़ी में विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन

- अध्यक्ष टकेश साहू, उपाध्यक्ष डोमेराम साहू बनाए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोर्रा(भखारा)

शाउमावि पचपेड़ी में प्रबंधन समिति का गठन किया गया। समिति गठन के पूर्व प्राचार्य विनोद ठाकुर, सरपंच विनय साहू, उपसरपंच राकेश पटेल, शिक्षक एवं विभिन्न ग्रामों से आए हुए पालकों की उपस्थिति में मां वीणापाणि के पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रहास साहू एवं रवींद्र कोसरे ने समिति गठन की जानकारी पालकों को दी। पालकों द्वारा सर्वप्रथम 15 सामान्य सदस्यों का चयन सर्वसम्मति से किया गया और इसके पश्चात उन्हीं 15 चयनित सदस्यों में से अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चयन किया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष टकेश साहू, उपाध्यक्ष डोमेराम साहू बनाए गए। सदस्यों में झुम्मर पटेल,



रामदयाल गंगाधर, टोमन साहू, सुरेश साहू, खेमलाल साहू, नरेंद्र साहू, कुलेश्वरी साहू, ओमिता साहू, टुकेश्वरी साहू, लक्ष्मी साहू, गीता साहू, झामिन साहू, लेखनी ध्रुव एवं हीरा साहू शामिल हैं। प्राचार्य विनोद ठाकुर ने विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों का तिलक लगाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन मिथिलेश सिन्हा ने किया।

# बच्चों ने बचत से जोड़े 20 हजार से अधिक, मेधावी प्रतिभागी हुए सम्मानित

- खरतुली स्कूल में गुल्लक फोड़, पैसा जोड़ एवं गुल्लक सजाओ प्रतियोगिता हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

प्राथमिक शाला खरतुली में नवाचार की अभिनव पहल के तहत प्रधानपाठक दीनबंधु सिन्हा के मार्गदर्शन में गुल्लक फोड़, पैसा जोड़ एवं गुल्लक सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में बचत की आदत



विकसित करना, फिजूलखर्ची पर रोक लगाना तथा स्वयं की बचत से शिक्षण सामग्री खरीदने की प्रेरणा देना रहा। पिछले वर्ष समाजसेवी तुमन साहू मगरलोड एवं माध्यमिक शाला लुगे की शिक्षिका रंजीता साहू द्वारा संचालित मैं हूं गुल्लक अभियान के अंतर्गत प्रत्येक बच्चे को गुल्लक प्रदान किया गया था। बच्चों ने पूरे वर्ष अपने खर्च के पैसों से नियमित बचत की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तुमन साहू थे। अध्यक्षता उमेश्वर नेताम सरपंच खरतुली ने की। विशिष्ट अतिथि टीआर नागवंशी प्राचार्य, रोहित साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति हायर सेकंडरी खरतुली, एलएन साहू संकुल समन्वयक एवं भेष कुमार साहू की उपस्थिति में बच्चों ने कक्षावार अपने गुल्लक तोड़े। जिन विद्यार्थियों के गुल्लक में सबसे अधिक राशि जमा मिली, उनमें प्रथम पांच स्थान प्राप्त बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। बच्चों की कुल बचत 20 हजार रुपये से अधिक रही, जिससे उनकी जमा राशि के अनुसार आवश्यक शिक्षण सामग्री खरीदी जाएगी। अगले वर्ष के लिए पुनः गुल्लक वितरित कर गुल्लक सजाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें श्रेष्ठ दस प्रतिभागियों के गुल्लकों में प्रोत्साहन स्वरूप 11-11 रुपये डाले गए। कार्यक्रम में शिक्षिका तारकेश्वरी सोनबेर, शिक्षा मित्र भारती, यामिनी सिन्हा, रसोइया ललिता यादव, उमेश्वरी मेश्राम एवं तुलसी उइके का योगदान रहा। संचालन छात्रा नब्या साहू और डालिमा साहू ने किया।

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं श्याम बाई साहू (SHAYAM BAI SAHU) या पार्वती बाई साहू (PARWATI BAI SAHU) पिता बंशीलाल (BANSHI LAL) निवासी-ग्राम दहदहा, वार्ड 08, पोस्ट-दहदहा, तहसील-कुरुद, जिला-धमतरी छत्तीसगढ़ पिन नंबर 493663 का स्थाई निवासी हूं। मेरे वर्तमान आधार कार्ड (5599 1150 5471) में पार्वती बाई साहू पिता बंशी लाल एवं अन्य दस्तावेज जैसे राशन कार्ड, निर्वाचन कार्ड, बैंक पासबुक, श्रम कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पैन कार्ड, परिवार रोजगार कार्ड व अन्य दस्तावेज में यही नाम अंकित है जबकि मेरे राजस्व अभिलेख में श्याम बाई साहू पिता बंशी लाल दर्ज चले आ रहा है। चूंकि श्याम बाई साहू एवं पार्वती बाई साहू पिता बंशी लाल एक ही महिला का नाम होकर एक दूसरे के पूरक हैं। अतः मैं अपने आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों के अनुसार मैं अपने राजस्व अभिलेख में पार्वती बाई साहू पिता बंशी लाल दर्ज करना चाहती हूं जिससे भविष्य में कोई कठिनाई न हो। अतः आज से समस्त शासकीय एवं अर्धशासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम पार्वती बाई साहू पिता बंशीलाल ग्राम दहदहा वार्ड 08 पोस्ट दहदहा तहसील कुरूद जिला धमतरी छत्तीसगढ़ पिन 493663 दर्ज किया जावे एवं मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे। इस साक्ष्य का प्रकाशन में छत्तीसगढ़ राजपत्र में करवाना चाहती हूं।

दिनांक : 06/07/2026

भवदीय
**पार्वती बाई साहू (PARWATI BAI SAHU)**
**पिता बंशीलाल (BANSHI LAL)**
**निवासी-ग्राम दहदहा, वार्ड 08, पोस्ट-दहदहा, तहसील-कुरुद, जिला-धमतरी (छत्तीसगढ़) पिन नंबर-493663**

## न्यायालय श्रीमान तहसीलदार तहसील भखारा, जिला धमतरी (छ.ग.)

**// ईस्तहार //**

क्रमांक/758/तह./वाचक/2026
भखारा दिनांक 01/07/2026

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम भखारा सूचित किया जाता है कि आवेदिक/आवेदिका ग्यान मंजुरी पिता/पति जुगराज सिंह जाति राजपूत ग्राम भखारा तहसील भखारा जिला धमतरी छ.ग. के द्वारा अपने स्वयं/पुत्र/पुत्री/माता/पिता/अन्य ग्यान मंजूरी की जन्म दिनांक 22/11/1968 को ग्राम भखारा में होने से जन्म की घटना के पंजीयन हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी को भी आपत्ति हो तो दिनांक 16/07/2026 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से सकता है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा मेरे समक्ष प्रस्तुत कर आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं आज दिनांक न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

दिनांक-

**तहसीलदार**
**भखारा**

## आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा 1. करणराज सिंह विरदी पिता जगमोहन सिंह विरदी निवासी डॉ राजेन्द्र नगर बजाज कॉलोनी रायपुर तह. वो जिला रायपुर छ.ग. के नाम की कृषि भूमि जो कि ग्राम सम्बलपुर प.ह.नं. 21 रा.नि.मं. भोथली तह. धमतरी जिला धमतरी में स्थित कृषि भूमि खसरा न. 283/1 का टुकड़ा रकबा 0.17 हे. में से जो कि धमतरी से रायपुर एनएच 30 रोड से लगी हुई है जो कि स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि है। एवं 2. अनिल विग पिता राम लाल विग निवासी डॉ राजेन्द्र नगर बजाज कॉलोनी रायपुर तह. वो जिला रायपुर छ.ग. के नाम की कृषि भूमि जो कि ग्राम सम्बलपुर प.ह.नं. 21 रा.नि.मं. भोथली तह. धमतरी जिला धमतरी में स्थित कृषि भूमि खसरा नं. 283/5 रकबा 0.18 हे. जो कि धमतरी से रायपुर एनएच 30 रोड से लगी हुई है जो कि स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि है। जिसे मेरे पक्षकार ने खरीदने का पक्का सौदा किया है मात्र पंजीयन की कार्यवाही शेष है। जिसका चतुर सीमा इस प्रकार है :-

चतुर सीमा 283/1 रकबा 0.17 हे.
उत्तर दिशा में :- धमतरी से रायपुर एन एच 30 रोड
दक्षिण दिशा में :- अभय बाफना वगैरह की भूमि
पूर्व दिशा में :- अनिल विग की भूमि
पश्चिम दिशा में :- नीशू की भूमि
चतुर सीमा 283/5 रकबा 0.18 हे.
उत्तर दिशा में :-धमतरी से रायपुर एनएच 30 रोड
दक्षिण दिशा में :- अभय बाफना वगैरह की भूमि
पूर्व दिशा में :- अनीता बाफना वगैरह की भूमि
पश्चिम दिशा में :- करणराज सिंह विरदी की भूमि

उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति/संस्था/निकाय/निगम बैंक/विभाग आदि को उक्त सौदे को लेकर किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त भूमि पर किसी प्रकार का हक दावा रखता हो तो प्रकाशन दिनांक से 15 दिन के अन्दर मेरे निम्न वर्णित पते पर समय पर उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति मय दस्तावेज के साथ प्रस्तुत करे समयावधि पश्चात मेरे पक्षकार उक्त भूमि का पंजीयन अपने पक्ष में करवा लेवेगा तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति शुन्य व अवैध माना जावेगा।

अतः यह आम सूचना सद्भावनापूर्वक प्रकाशित कराई गई है।

दिनांक 04.07.2026

**श्रीमति रूखमणी अधिवक्ता**
**तहसील कार्यालय धमतरी**
**मो.नं. 6261486265, 9111873054**

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मेटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह
(एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह
(एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

Pride of Dhamtari

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

ADMISSION OPEN 2026-2027

# शिक्षा भूमि



## फिर से गूंजेगी कक्षाओं में ज्ञान की आवाज़, स्कूल खुलने का आया है खास आगाज़।

नया शैक्षणिक सत्र केवल एक नई कक्षा में प्रवेश करने का अवसर नहीं होता, बल्कि यह नए सपनों, नई उम्मीदों और नए संकल्पों के साथ जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देता है। प्रत्येक विद्यार्थी के लिए नया सत्र एक नई शुरूआत का प्रतीक है, जहाँ वह अपनी पिछली गलतियों से सीख लेकर बेहतर प्रदर्शन करने का संकल्प लेता है। विद्यालय वह स्थान है जहाँ केवल पुस्तकीय ज्ञान ही नहीं, बल्कि अनुशासन, संस्कार, नैतिकता, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारियों का भी विकास होता है। नए सत्र के साथ विद्यार्थियों को नए शिक्षक, नए मित्र, नई पुस्तकें और नए अनुभव प्राप्त होते हैं, जो उनके व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए प्रत्येक छात्र-छात्रा को इस अवसर का पूरा लाभ उठाते हुए नियमित अध्ययन, समय का सदुपयोग और सकारात्मक सोच को अपनाना चाहिए। शिक्षा जीवन की सबसे बड़ी शक्ति है। यह व्यक्ति को सही और गलत की पहचान कराती है तथा उसे अपने लक्ष्य तक पहुँचने का मार्ग दिखाती है। एक सफल विद्यार्थी वही होता है जो नियमित रूप से विद्यालय आए, अपने शिक्षकों का सम्मान करे, माता-पिता की आज्ञा का पालन करे तथा अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करे। नए सत्र में विद्यार्थियों को केवल परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने का ही लक्ष्य नहीं रखना चाहिए, बल्कि अपने व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास पर भी ध्यान देना चाहिए। खेल-कूद, सांस्कृतिक गतिविधियाँ, विज्ञान, कला, साहित्य, योग और पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में भी सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। इससे आत्मविश्वास बढ़ता है और जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। विद्यालय परिवार भी नए सत्र में विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लेता है। अनुभवी शिक्षक विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उनके नैतिक एवं सामाजिक विकास पर भी विशेष ध्यान देते हैं। विद्यालय का उद्देश्य प्रत्येक छात्र को ज्ञानवान, संस्कारी, आत्मनिर्भर और जिम्मेदार नागरिक बनाना है। प्रिय विद्यार्थियों, यह नया सत्र आपके जीवन में नई ऊर्जा, नई प्रेरणा और नई उपलब्धियाँ लेकर आए। आप नियमित अध्ययन करें, अपने लक्ष्य निर्धारित करें, कठिन परिश्रम करें और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें। याद रखें कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता; निरंतर मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प ही सफलता की वास्तविक कुंजी हैं। आइए, हम सभी मिलकर इस नए शैक्षणिक सत्र का उत्साहपूर्वक स्वागत करें और यह संकल्प लें कि हम ज्ञान, अनुशासन, ईमानदारी और अच्छे संस्कारों के मार्ग पर चलते हुए अपने विद्यालय, परिवार और देश का नाम रोशन करेंगे। सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को नए शैक्षणिक सत्र की हार्दिक शुभकामनाएँ। यह नया सत्र सभी के जीवन में सफलता, खुशियाँ, ज्ञान और उज्वल भविष्य की नई किरण लेकर आए।

जेनेसिस
कॉलेज ऑफ हॉयर एजुकेशन
पीजीडीसीए की सबसे न्यूनतम फीस 11970/- मात्र
संबद्धता - पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)
प्रवेश प्रारंभ
बी.बी.ए. | बी.सी.ए. | बी.कॉम | पीजीडीसीए
• बेहतर शिक्षा • उज्ज्वल भविष्य



दुर्ग रोड, स्ट्रीट नं. 4, विवेकानंद कॉलोनी एस.ए.एस. गार्डन के पास, धमतरी (छ.ग.)
संपर्क- 76940-40653 70005-40328



शिक्षा का उद्देश्य है कि दिमाग को विचारों से भरना नहीं बल्कि उसे सोचने योग्य बनाना है

विज्ञापन संकलन
उमेश सिंह बशिष्ट
ब्यूरोचीफ
9826114710
रवि सिंह राजपूत
मार्केटिंग
8305871196
- डिजाइन -
श्रीकांत साहू

REG.NO.31953
ADMISSION OPEN
ORACLE PUBLIC SCHOOL
Higher Secondary School
ENGLISH MEDIUM
नर्सरी से 12वीं
संकाय : जीवविज्ञान | गणित | कॉमर्स | कम्प्यूटर एप्लीकेशन | कृषि संकाय



ENGLISH MEDIUM
OPS Kidz
- CLASS -
Nursery to Class 5th
कक्षा 10वीं में 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को निःशुल्क प्रवेश, किसी भी संकाय में
औद्योगिक वार्ड, स्टेशनपारा कालोनी, धमतरी 96913-52354, 96690-53735
ओरेकल पब्लिक स्कूल भखारा 7566509122, 9340021435, 7000272137

MILLENNIUM SCHOOL
LEARN HERE LEAD ANYWHERE
ADMISSION OPEN
SESSION 2026-27
FOR CLASSES
PLAYGROUP TO CLASS-VIII
Nurturing Today, Shaping Tomorrow.



APPLY NOW!
WHY CHOOSE US?
QUALITY EDUCATION - Focus on concept building and overall growth
EXPERIENCED FACULTY - Dedicated teachers committed to excellence
HOLISTIC DEVELOPMENT - Encouraging academics, sports, arts and life skills
SAFE & SECURE - A safe, caring and inclusive learning environment
MODERN FACILITIES - Well-equipped classrooms and advanced infrastructure
70494-60999 | 70494-61999
HOUSING BOARD COLONY, DHAMTARI (C.G.)

Mennonite English Sr.Sec.School
U-Dise Code 22133010109
CBSE Aff.No. 3330021



ADMISSION OPEN
NURSERY to CLASS 9th and 12th
AVAILABLE STREAMS: BIOLOGY | MATHEMATICS | COMMERCE | AGRICULTURE | HOME SCIENCE | PHYSICAL EDUCATION | COMPUTER SCIENCE
Class 12TH Topper
Shashwat Gupta Commerce 84.40%
Rupali Dewangan Commerce 84%
Rashmi Ganjir Maths 83%
Sonal Andani Maths 82.80%
Harshwardhan Sen Biology 82.40%
Class 10TH Topper
Dev Soni 84.40%
Yajat Sahu 82.40%
Aparajitya Ghoshal 79.40%
Ashgarf Khan Commerce 79.40%
RATNABANDHA ROAD, DHAMTARI (C.G.)

## खबर संक्षेप

### स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह आज

**नगरी।** छग पंचायत सचिव संघ ब्लॉक शाखा नगरी द्वारा आज 7 जुलाई को स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह का आयोजन शक्ति सदन नगरी में प्रातः 10:30 बजे किया गया है। अतिथि जनपद पंचायत नगरी के अध्यक्ष महेश गोटा, सचिव संघ के अध्यक्ष अनित कुमार ध्रुव, जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष हृदय साहू, पंचायत महासंघ के अध्यक्ष रूपेश कुमार ध्रुव, सरपंच संघ के अध्यक्ष उमेश देव, पूर्व पंचायत महासंघ अध्यक्ष रामप्रसाद मरकाम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित बोरझा, कार्यक्रम अधिकारी आयुष झा, ब्लॉक संयोजक फेडरेशन डोमार सिंह ध्रुव, रोजगार सहायक संघ के अध्यक्ष डोमार सिंह देवांगन, सेवानिवृत्त पंचायत सचिव बालाराम नरेटी एवं देवसिंह होंगे।

### डॉ. मुखर्जी देश की एकता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के पुरोधा थे : पं. शर्मा

**धमतरी।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति स्थाई आमंत्रित सदस्य पं. राजेश शर्मा ने उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए कहा कि डॉ. मुखर्जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, त्याग, समर्पण और राष्ट्रीय एकता के लिए समर्पित रहा। उनके विचार आज भी करोड़ों देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।



पं. श्री शर्मा ने कहा कि डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने स्वतंत्र भारत में राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक चेतना और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने राष्ट्रहित को सर्वोच्च मानते हुए अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया।
उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी का मानना था कि देश की एकता और अखंडता से बड़ा कोई उद्देश्य नहीं हो सकता। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के पूर्ण एकीकरण के लिए संघर्ष किया और राष्ट्र की एकता के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका त्याग भारतीय इतिहास में सदैव स्वर्ण अक्षरों में अंकित रहेगा।

### अब किसानों का नवीन पंजीयन अक्टूबर तक

**कांकेर।** खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय के लिए किसानों का नवीन पंजीयन एवं संशोधन कार्य 1 जुलाई से 31 अक्टूबर 2026 तक किया जाएगा। जिला प्रशासन ने बताया कि खरीफ वर्ष 2025-26 में पंजीकृत किसानों को इस वर्ष भी स्वतः पंजीकृत माना जाएगा।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत 22 वर्षीय अरविंद कावड़े पिता स्व. सहदेव ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मरदापोटी निवासी अनिल कावड़े ने पुलिस को बताया कि 5 जुलाई को मृतक ने अपने घर में फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

### दुर्घटना में युवक की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत हेटरकसा निवासी 37 वर्षीय संतराम जैन पिता स्व. मंशाराम 5 जुलाई को सड़क दुर्घटना में मौत हो गया। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक द्वारा वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर एक्सीडेंट होने से मौत हो गया।

## पिकअप-ड्रॉप पॉइंट, रूट निर्धारण और पार्किंग व्यवस्था नहीं होने से रोजाना जाम

# 3000 से ज्यादा ई-रिक्शा, शहर की रफ्तार पर ब्रेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर में ई-रिक्शा की लगातार बढ़ती संख्या अब यातायात व्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। वर्तमान में शहर की सड़कों पर 3000 से अधिक ई-रिक्शा और करीब 450 ऑटो संचालित हो रहे हैं। सस्ती और सुलभ परिवहन सुविधा के कारण इनका उपयोग तेजी से बढ़ा है, लेकिन सुव्यवस्थित संचालन और स्थायी स्टैंड के अभाव में प्रमुख मार्गों पर आए दिन जाम की स्थिति बन रही है। मकई चौक से रामबाग, घड़ी चौक और गोल बाजार क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित हैं, जहां व्यस्त समय में वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं।

सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तथा शाम 5 बजे से रात 8 बजे के बीच शहर के मुख्य बाजार क्षेत्र में यातायात का दबाव काफी बढ़ जाता है। इस दौरान कई ई-रिक्शा चालक सड़क पर ही सवारी चढ़ाने और उतारने के लिए वाहन रोक देते हैं, जिससे पीछे वाहनों की लंबी लाइन लग जाती है। वहीं प्रतिबंधित समय में बड़े वाहन भी बाजार क्षेत्र में प्रवेश कर लोडिंग-अनलोडिंग करते हैं, जिससे जाम की समस्या और गंभीर हो जाती है। व्यापारियों का कहना है कि लगातार लगने वाले जाम से ग्राहकों को परेशानी होती है और कारोबार भी प्रभावित हो रहा है।

यातायात विशेषज्ञों का मानना है कि ई-रिक्शा और ऑटो के लिए निर्धारित स्टैंड तथा पिक-अप और ड्रॉप पॉइंट नहीं होने से अव्यवस्था बढ़ रही है। इसके अलावा कई स्थानों पर सड़क किनारे बेतरतीब पार्किंग भी यातायात में बाधा बनती है। स्थानीय नागरिक राजेंद्र चेलक, मुकेश शर्मा, विवेक चौहान और अरविंद शर्मा का कहना है कि मुख्य बाजार क्षेत्र में ई-रिक्शा के लिए अलग स्टैंड, पार्किंग व्यवस्था और भीड़भाड़ के समय बड़े वाहनों की आवाजाही पर नियंत्रण जरूरी है। उनका मानना है कि इससे जाम की समस्या काफी हद तक कम हो सकती है।

### स्टैंड और पार्किंग की कमी से बढ़ी अव्यवस्था



#### योजना पर अमल और समन्वय की जरूरत

यातायात विभाग ने पहले ई-रिक्शा की कलर कोडिंग और नंबरिंग जैसी व्यवस्था लागू की थी, लेकिन रूट निर्धारण और जोन आधारित संचालन की योजना अब तक पूरी तरह लागू नहीं हो सकी है। विशेषज्ञों का सुझाव है कि प्रमुख बाजार क्षेत्रों में निर्धारित पिकअप और ड्रॉप पॉइंट बनाए जाएं, वैध पंजीयन वाले वाहनों को ही भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में संचालन की अनुमति मिले तथा अंदरूनी मार्गों के लिए अलग रूट तय किए जाएं।


#### ई-रिक्शा चालकों के लिए अधिकृत स्टैंड नहीं

दूसरी ओर ई-रिक्शा चालकों का कहना है कि वे भी जाम नहीं चाहते, लेकिन उनके लिए कोई अधिकृत स्टैंड नहीं है। उनका कहना है कि प्रशासन यदि उचित स्थान उपलब्ध कराए तो वे निर्धारित नियमों का पालन करने को तैयार हैं। वहीं यातायात पुलिस का कहना है कि समय-समय पर अतिरिक्त बल तैनात कर व्यवस्था संभाली जाती है। नगर निगम और संबंधित विभागों के सहयोग से पार्किंग, अतिक्रमण हटाने तथा यातायात सुधार के अन्य उपायों पर प्रभावी अमल किया जाए तो शहर को जाम की समस्या से काफी हद तक राहत मिल सकती है।

## जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए आठ उम्मीदवारों ने दावेदारी पेश की

- 7 जुलाई को नामांकन पत्र की वापसी और स्क्रूटनी होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




युवा कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव की नामांकन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद अब 7 जुलाई को नामांकन वापसी और स्क्रूटनी की प्रक्रिया होगी। इसके बाद पात्र उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी की जाएगी, जिससे चुनावी मुकाबले की तस्वीर स्पष्ट हो जाएगी।

जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए इस बार आठ उम्मीदवारों ने दावेदारी पेश की है। इनमें धमतरी से गीतराम सिन्हा, यश राजपूत, प्रवीण साहू, उदित साहू और सूरज पासवान, मगरलोड क्षेत्र से पारसमणि साहू, कुरूद से डुमेश साहू तथा नगरी से आकाश नेताम शामिल हैं। सभी प्रत्याशी सोशल मीडिया और जनसंपर्क के माध्यम से अपने पक्ष में समर्थन जुटाने में लगे हुए हैं।

चुनाव प्रक्रिया के तहत 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के पात्र मतदाता, जिनके पास वैध मतदाता पहचान पत्र है, निर्धारित मोबाइल एप के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन कर मतदान कर सकेंगे। चुनाव डिजिटल प्रणाली से संपन्न कराया जाएगा।

7 जुलाई को नामांकन पत्रों की जांच के दौरान अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा तथा इच्छुक उम्मीदवार नाम वापस भी ले सकेंगे। इसके बाद अंतिम प्रत्याशियों की सूची जारी होने पर चुनाव प्रचार और तेज होने की संभावना है। युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पद को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल बना हुआ है और सभी की नजर अब अंतिम उम्मीदवारों की सूची पर टिकी है।

## निगम आयुक्त और ठेकेदार की शिकायत

- हाईटेक बस स्टैंड के पीछे जमीन के लिए आने-जाने का रास्ता नहीं देने का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

निर्माणाधीन हाईटेक बस स्टैंड के पीछे जमीन मालिकों ने आने-जाने के लिए रास्ता नहीं देने के मामले में कलेक्टर से शिकायत की है। शिकायत आवेदन में निगम आयुक्त तथा ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई कर रास्ता देने की मांग की है। ग्राम अर्जुनी के किसान वत्सला सिन्हा, हीरा बाई, कमला बाई, भुनेश्वरी, संगीता, राजेश्वरी ने कलेक्टर के नाम सौंपे शिकायत आवेदन में कहा



है कि उनके नाम पर ग्राम पंचायत अर्जुनी स्थित खसरा नंबर 17, 18 में 2.14 हेक्टेयर जमीन है। खसरा नंबर 18 के सामने शासकीय भूमि पर शासन ने हाईटेक बस स्टैंड का कार्य प्रारंभ किया है। निर्माण के दौरान भू-स्वामियों ने अपनी भूमि में आने-जाने के लिए 20-20 फीट रास्ता छोड़ने का निवेदन किया था जिसके अनुपालन में तहसीलदार ने स्थल जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हल्का पटवारी को निर्देश दिया। मई 2026 को पटवारी ने स्थल निरीक्षण कर मय नक्शा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जिसमें 20-20 फीट का मार्ग छोड़ना बताया गया है लेकिन निगम आयुक्त के निर्देश पर ठेकेदार ने पूरी जमीन पर दीवार निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया है जिससे खेतों में कृषि उपकरण नहीं जाने से कृषि जमीन बंजर हो जाएगी।

भू-स्वामियों ने कलेक्टर से मांग की है कि निगम आयुक्त एवं ठेकेदार पर तत्काल कार्रवाई कर पटवारी प्रतिवेदन के अनुसार दर्शित स्थल पर 20-20 फीट के रास्ते के लिए दीवार निर्माण पर रोक लगाने को कहा है।

## महापौर ने जलभराव की समस्या रोकने अधिकारियों की ली बैठक

**धमतरी।** बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए महापौर रामू रोहरा ने नगर पालिक निगम के अधिकारियों की बैठक लेकर शहर सहित सभी वार्डों में जल निकासी व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में नालियों की नियमित सफाई, जलभराव वाले क्षेत्रों की पहचान, बंद नालों को तत्काल साफ कराने तथा वर्षा के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो, इसके लिए आवश्यक तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

महापौर रामू रोहरा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर के किसी भी वार्ड में बारिश का पानी जमा नहीं होना चाहिए। जलभराव की संभावना वाले स्थानों पर विशेष निगरानी रखते हुए समय



रहते आवश्यक कार्य पूरे किए जाएं। नालियों की सफाई, कचरे का नियमित उठाव तथा जल निकासी तंत्र को पूरी तरह सुचारु रखना निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

बैठक में निर्देश दिए गए कि नागरिकों की शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाए तथा फील्ड अमला लगातार निरीक्षण कर व्यवस्था पर नजर बनाए रखे। महापौर ने कहा कि बरसात के दौरान लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए निगम का पूरा अमला पूरी तत्परता के साथ कार्य करेगा।

## डॉ. मुखर्जी के विचार आज भी युवाओं लिए प्रेरणास्रोत

**सिर्री।** ग्राम परसट्ठी के ग्रामीणों, सामाजिक कार्यकर्ताओं ने 6 जुलाई को भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी, चिंतक एवं महान शिक्षाविद डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई। इस अवसर पर ओमप्रकाश साहू सरपंच और देवेंद्र साहू किसान मोर्चा जिला महामंत्री ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ. मुखर्जी ने



राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक गौरव की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उनके विचार आज भी युवाओं और समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने डॉ. मुखर्जी के बताए मार्ग पर चलने तथा राष्ट्रहित और समाज सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया। मौके पर छत्रपाल साहू बूथ अध्यक्ष, दीपक साहू पंच, वामनदेव साहू, समारु राम, किशुन राम, परसराम साहू, संतोष साहू, चन्द्रहास साहू, राजेन्द्र साहू, बुधिया बाई, योगेश्वरी, मैना बाई सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



















